कार्यालय वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक, मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक– 4391 /22–2, मुरादाबाद, जनवरी– 07, 2016

सेवा में,

मुख्य वन संरक्षक/नोडल अधिकारी,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

विषय :– ग्राम रसूलपुर तहसील गुन्नौर जिला सम्भल स्थित गाटा संख्या–149 पर मै0 एस्सार आयल लि0 नोयडा के रिटेल आउटलेट पैट्रोल पम्प स्थापना हेतु अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने के सम्बन्ध में।

सन्दर्भ :– प्रभागीय वनाधिकारी सम्भल वन प्रभाग की पत्र संख्या– 1155/14–1, दिनांक 28–12–2015

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के कम में अवगत कराना हैं कि जनपद सम्भल के मै0 एस्सार आयल लि0 नोयडा द्वारा एस0एच0–93 आगरा–मुरादाबाद मार्ग कि0मी0 146 की बायी पटरी पर रिटेल आउटलेट पैट्रोल पम्प पर वाहनों के आवागमन हेतु पहुँच मार्ग के निर्माण हेतु क्षे0 0.2138 संरक्षित वन भूमि पर गैर वानिकी कार्य प्रस्तावित है, के सम्बन्ध में अनुमति हेतु प्रस्ताव प्राप्त हुआ है। जिसको वन संरक्षण अधिनियम–1980 के अन्तर्गत परीक्षण कर वन भूमि हस्तान्तरण का प्रस्ताव शासन को भेजा जाना हैं।

अतः प्रभागीय वनाधिकारी सम्भल वन प्रभाग द्वारा दी गयी आख्या से सहमति व्यक्त करते हुए प्रस्ताव संस्तुति सहित अग्रिम कार्यवाही हेतु प्रेषित हैं।

संलग्नक– प्रस्ताव 3 प्रतियों में।

भवदीय,

(कमलेश कुमार)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।

पत्रांक– /22–2, उक्तदिनांकित।

प्रतिलिपि :– प्रभागीय वनाधिकारी सम्भल वन प्रभाग को उनके उक्त सन्दर्भित पत्र के कम में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(कमलेश कुमार)
वन संरक्षक एवं क्षेत्रीय निदेशक,
मुरादाबाद क्षेत्र, मुरादाबाद।